**रिजल्ट** | जेईई मेंस सेशन-1 परिणाम घोषित, जश्न की लहर

# शानदार परसेंटाइल से शहर के छात्रों ने बढ़ाया गौरव





**नवभारत, जबलपुर।** सोमवार की दोपहर जैसे ही नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने जेईई मेंस सेशन-1 का परिणाम घोषित किया, वैसे ही जबलपुर शहर के कोचिंग संस्थानों और घरों में उत्साह की लहर दौड़ पड़ी। मोबाइल स्क्रीन पर जैसे ही परसेंटाइल चमकी, कहीं तालियां बजीं तो कहीं मिठाइयों के डिब्बे खुल गए। शहर के विभिन्न कोचिंग सेंटरों के बाहर विद्यार्थियों का हुजूम दिखाई दिया। कोई अपने मित्र को गले लगाकर बधाई दे रहा था, तो कोई फोन पर परिजनों को खुशखबरी सुना रहा था। चेहरे पर आत्मविश्वास, आंखों में चमक और भविष्य के सपनों की झलक साफ नजर आ रही थी।

### सभी को मिले 99 प्रतिशत

सबसे अधिक चर्चा में रहे चिराग कुमार, जिन्होंने 99.65 परसेंटाइल हासिल कर शहर का नाम रोशन किया। वहीं निशांत कुमार ने 99.56 परसेंटाइल प्राप्त कर अपनी प्रतिभा प्रदर्शन किया। इसके साथ ही वेदांत (99.43), आदित्य और ध्रुव अग्रवाल (99.2) तथा अग्रिम गुप्ता (99.15) ने भी शानदार प्रदर्शन कर जबलपुर का गौरव बढ़ाया।

### अभिभावकों की आंखों में दिखा गर्व


कोचिंग संस्थानों में शिक्षकों ने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। अभिभावकों की आंखों में गर्व साफ झलक रहा था। कई स्थानों पर विद्यार्थियों ने एक-दूसरे के साथ सेल्फी लेकर इस खास पल को कैमरे में कैद किया। अब इन होनहारों की नजर अगली चुनौती जेईई एडवांस है।

### अनुशासन और निरंतरता से मिली सफलता : चिराग



चिराग कुमार ने बताया कि उनका सपना बचपन से इंजीनियर बनने का रहा है। वे प्रतिदिन सुबह छह बजे उठकर पढ़ाई करते थे। स्कूल और कोचिंग के बाद घर पर भी पांच से छह घंटे अध्ययन करते थे। उन्होंने बताया कि पढ़ाई के दौरान मोबाइल का उपयोग नहीं किया और बीच-बीच में आधा घंटा मनोरंजन के लिए निकालते थे, जिससे एकाग्रता बनी रहे।

### लक्ष्य पर फोकस ही सफलता की कुंजी : निशांत



निशांत कुमार ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों और अभिभावकों को दिया। उन्होंने कहा कि उन्होंने हमेशा पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित रखा और सामाजिक गतिविधियों से दूरी बनाए रखी। निशांत ने कहा, मैं बचपन से ही अपने लक्ष्य के प्रति फोकस रहा हूं। मुझे लगता है कि सफलता का सबसे पहला सिद्धांत यही है। अब उनका लक्ष्य जेईई एडवांस में बेहतर प्रदर्शन करना है।



# उर्स में निकला भव्य चादर जुलूस

**कव्वाली और लंगर के साथ आज होगा समापन**

**नवभारत,जबलपुर।** मोमिनपुरा तलैया गोहलपुर स्थित दरगाह हजरत बहादुर अली शाह रह. अलै. तथा बाबा अब्दुल खालिक रह. अलै. का सालाना दो दिवसीय उर्स प्रारंभ प्रारंभ हुआ। दरगाह के बब्लू बाबा ने बताया कि सज्जादा इकरार हुसैन रशीदी की सरपरस्ती में प्रथम दिन मंगलवार को प्रात: 11 बजे दरगाह में गुस्ल किया गया, दोपहर 3.30 बजे मोमिनपुरा से चादर जुलूस निकाला गया जो गोहलपुर, मंसूराबाद, मछ्ली मार्केट, नालबंद मोहल्ला, चार खंभा होते हुए दरगाह पहुंचा जहां चादर व गुलपोशी की गई। तदोपरांत सायं 7 बजे से विशाल लंगर आयोजित हुआ जिसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। रात्रि 11 बजे से महफिलें कव्वाली में मुकामी कव्वाल लो ने अपने कलाम पेश किये, देर रात तक चले कार्यक्रम मे श्रोता मंत्र मुग्ध हो गये। उर्स के दूसरे दिन आज बुधवार को सायं 4 बजे से रंग महफ़िल व कुल होगा तदोपरांत फतेहा के बाद उर्स का समापन होगा। सभी अकीदतमंदों से उपस्थिति की अपील दरगाह कमेटी ने की है।

### आज नज़र आ सकता है रमज़ान माह का चाँद



मुफ्ती-ए-आज़म मध्यप्रदेश हज़रत मौलाना डॉक्टर मुशाहिद रज़ा क़ादरी बुरहानी के अनुसार आज 18 फरवरी, बुधवार, मुताबिक़ 29 शाबान को रमज़ान माह का चाँद नज़र आने की उम्मीद है। लिहाजा आज शाम मगरिब के वक़्त चाँद देखने की पूरी कोशिश करें। चाँद नज़र आने पर तुरंत मौलाना साहब के मोबाइल नंबर +91 93022 56729 पर सूचना दें, ताकि राब्ता कायम कर आम तौर पर चाँद का ऐलान किया जा सके। चाँद की तस्दीक़ के बाद ही रमज़ान शरीफ़ के रोज़ों एवं तरावीह की शुरुआत का एलान किया जाएगा। शहर की मस्जिदों और मदरसों में भी रमज़ान की तैयारियाँ लगभग पूरी कर ली गई हैं।

## एक नजर में




### स्वास्थ्य शिविर का पुलिसकर्मियों ने लिया लाभ

**नवभारत, जबलपुर।** रेल पुलिस लाइन परिसर में एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। यह आयोजन पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेश एवं उप पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक रेल सिमाला प्रसाद के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। शिविर में बड़ेरिया मेट्रो प्राइम हॉस्पिटल एवं चित्रकूट नेत्र चिकित्सालय की टीम द्वारा बीपी, शुगर, ईसीजी एवं नेत्र परीक्षण किए गए। लगभग 200 पुलिसकर्मियों एवं उनके परिजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया गया।



### सर्व समाज वरिष्ठ जन सम्मान समारोह सम्पन्न

**नवभारत, जबलपुर।** कमला नेहरू नगर पार्क, गढ़ा में व्यापारी संघ द्वारा सर्व समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर रामायण मंडल, संध्या दुबे, कालिदास तामंकर, आभा शर्मा, रमेश दीक्षित, कल्लू पटेल, अभिषेक चौधरी, बंटी वर्मन, कामिनी जायसवाल सहित अनेक वरिष्ठजनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, यमेश चौधरी, धनंजय बाजपेयी, विजय गुप्ता, अखिलेश मेहता, डॉ. अरुण मिश्रा, निशांत शर्मा, यदुवंश मिश्रा सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती समारोह कल

**नवभारत,जबलपुर।** क्षत्रिय मराठा समाज, जबलपुर के तत्वावधान में कल 19 फरवरी 2026 को छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा। प्रात: 9 बजे मदन महल थाना के समीप स्थित प्रतिमा स्थल पर पूजन, पुष्पांजलि एवं मिष्ठान वितरण होगा। सायं 4 बजे विजय नगर स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज उद्यान (एस.आर. मॉल के पीछे) मुख्य समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें दीपोत्सव, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं उद्बोधन होंगे। समारोह में प्रवीण सालुंके, श्रीमती प्रतिभा भापकर, उमेश सरफरे, तरुण सोनोने, संतोष सोनोने, भास्कर राव काकडे, अनिरुद्ध जाधव, राजू सपकाळ, रोशन वाकुडकर, प्रदीप तिगाडे, अजय सोनोने, श्रीकांत देशपांडे, आशीष बावसकर, सुनील बनकर, श्रीमती सुरेखा बनकर, सुनीलदत्त सोनोने, शेखर सवडे, श्रीमती निर्मला हांडे, श्रीमती शोभा पवार, दिलीप झिंगे, मुकेश बनकर, पुरुषोत्तम सवडे, सुशील जाधव, शिवाजी राव ढवले, स्मिता वाघ, विवेक भोसले, शेखर काटकर, विजय डुचे एवं राजा सोनोने सहित समाजजनों ने सहभागिता की अपील की है।

### शासकीय महाकोशल महाविद्यालय में रोजगार मेला कल

**नवभारत,जबलपुर।** स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना एवं जिला रोजगार कार्यालय, जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में 19 फरवरी 2026 को प्रात: 10:30 बजे एक दिवसीय युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार जिला स्तरीय कैरियर अवसर मेला' का आयोजन प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी महाविद्यालय में किया जाएगा। मेला संयोजक प्रो. अरुण शुक्ल ने बताया कि लगभग 35 कंपनियां प्लेसमेंट हेतु उपस्थित रहेंगी। जिले के शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों, आईटीआई एवं इंजीनियरिंग कॉलेजों के विद्यार्थियों को आमंत्रित किया गया है। दिव्यांग विद्यार्थियों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी एवं विक्रय मेला का विशेष आकर्षण रहेगा। विभिन्न शासकीय विभागों के स्टॉल भी लगाए जाएंगे।इस अवसर पर जनभागीदारी अध्यक्ष आशीष राव, प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी, उपसंचालक एम.एस. मरकाम, श्री ज्योति रामरेड्डी, डॉ. ज्योति जुनगरे एवं डॉ. महेंद्र कुमार कुशवाहा उपस्थित रहे।

# नर्मदा जी वैराग्य की अधिष्ठात्री मूर्तिमान स्वरूप : गिरिशानन्द

**तिलवारा घाट में नर्मदा पंचकोशी यात्रा का आयोजन**



**नवभारत, जबलपुर।** नर्मदा जी वैराग्य की अधिष्ठात्री मूर्तिमान स्वरूप है। गंगा जी ज्ञान की, यमुना जी भक्ति की, ब्रह्मपुत्रा तेज की, गोदावरी ऐश्वर्य की, कृष्णा कामना की और सरस्वती जी विवेक के प्रतिष्ठान के लिये संसार में आई हैं। सारा संसार इनकी निर्मलता और ओजस्विता व मांगलिक भाव के कारण आदर करता है व श्रद्धा से पूजन करता है। उपरोक्त उद्गार साकेतधाम के अधिष्ठाता स्वामी गिरिशानन्द सरस्वती महाराज ने रुद्राक्ष आयुर्वेदिक तिलवारा घाट में नर्मदा पंचकोशी यात्रा में व्यक्त किये।

वेदांतकेशरी स्वामी मुक्तानंद महाराज ने कहा कि मानव जीवन में जल का विशेष महत्व होता है। यही महत्व जीवन को स्वार्थ, परमार्थ से जोडता है। प्रकृति और मानव का गहरा संबंध है।

पंडित सौरभ दुबे ने बताया कि स्वामी गिरिशानंद सरस्वती महाराज के सानिध्य में श्री रामेश्वरम महादेव का पाटोत्सव नर्मदा पूजन से प्रारंभ होता है और माँ नर्मदा परिक्रमा से सम्पन्न होता है। माँ नर्मदा की शुद्धि और पर्यावरण का विशेष ध्यान रखते हुए लगभग 2500 यात्रियों के साथ यह यात्रा प्राकृतिक सौंदर्य के बीच से होकर गुजरती है। जिसका आनंद प्रत्येक यात्री को प्राप्त होता है। निरंतर 18 वर्षों से परिक्रमा का आयोजन किया जाता है।

**ये रहे उपस्थित**


माँ नर्मदा पूजन में जगत बहादुर सिंह, अंतू अग्रवाल, भानु नवेरिया, संजय मिश्रा, मयूरी शाह, केतन शाह, मनीष दुबे, रमेश नवेरिया, मनीष दुबे, अटल बिहारी, प्रदीप दुबे, उमेश पिल्ले आदि उपस्थित थे। नर्मदा पूजन पंडित सौरभ दुबे ने सम्पन्न कराया।



### सिद्धेश्वर धाम में श्रद्धा और भक्ति का संगम

**रुद्र महाअभिषेक यज्ञ, शिव महापुराण कथा व भंडारे में उमड़ा जनसैलाब**

**नवभारत,जबलपुर।** सिद्धेश्वर धाम सिद्धकुंड आश्रम में 8 फरवरी से 16 फरवरी तक रुद्र महाअभिषेक यज्ञ एवं शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन किया गया। आयोजन के प्रथम दिवस भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर पूर्णाहुति, भंडारा एवं महिलाओं द्वारा सुहागले का आयोजन हुआ, जिसमें लगभग 350 महिलाओं ने सहभागिता की। महंत स्वामी रामेश्वरानंद जी महाराज के सानिध्य में संपन्न इस आयोजन में प्रीति शर्मा, किरण तिवारी, मीणा, रेखा, सुलोचना, रेनू तिवारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान भक्ति संगीत, मंत्रोच्चार एवं धार्मिक अनुष्ठानों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।




### 95 किसानों ने सीखी आधुनिक कृषि तकनीक

**किसानों के लिए डिजिटल पहल : 'भारत विस्तार ऐप' लॉन्च**

**नवभारत, जबलपुर।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा विकसित 'भारत विस्तार ऐप' के शुभारंभ अवसर पर नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कुलपति डॉ. मंदीप शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में निदेशक विस्तार शिक्षा डॉ. सुनील नायक, अदिष्ठाता डॉ. राजेश कुमार शर्मा एवं डॉ. एस.के. महाजन की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में कुल 95 किसानों ने भाग लेकर ऐप के उपयोग, लाभ एवं कृषि क्षेत्र में इसकी उपयोगिता की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। विशेषज्ञों ने बताया कि यह ऐप किसानों तक वैज्ञानिक जानकारी, उन्नत कृषि तकनीक एवं योजनाओं को डिजिटल माध्यम से पहुंचाने का प्रभावी साधन है। कार्यक्रम संचालन में डॉ. प्रमोदे शर्मा, डॉ. रूचि सिंह, डॉ. अनिल शिंदे, डॉ. शिवमोहन एवं डॉ. हरी आर का विशेष सहयोग रहा।

# मानेगांव में भव्य कलश यात्रा के साथ भागवत कथा प्रारंभ

**201 महिलाओं ने निकाली शोभायात्रा, आज से कथा वाचन**



**नवभारत,जबलपुर।** मानेगांव नानक नगर दुर्गा मंदिर परिसर में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया है। प्रथम दिवस 201 महिलाओं की विशाल कलश यात्रा नानक नगर दुर्गा मंदिर से प्रारंभ होकर डी.डी. धाम संकट मोचन दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर रांझी होते हुए केशरी नगर खेरमाई मंदिर तक निकाली गई। कथा वाचन भागवताचार्य धीरज कृष्ण शास्त्री द्वारा किया जाएगा। आयोजन सुधीर राय, रूकमणि राय, निवास राय, शीला राय, अरविंद शर्मा एवं श्रीमती मनोज शर्मा के जजमानत्व में किया जा रहा है। कार्यक्रम में सुधीर सोनू दुबे, श्रीमती सुधा दुबे, पं. राजेश तिवारी, पं. ललित उपाध्याय, पं. सोमनाथ शुक्ला, पं. रोहित तिवारी, पं. सुनील पांडे, पं. विजेंद्र तिवारी, सुरेश दुबे, श्रीमती प्रभा दुबे, आकांक्षा दुबे, मधु वर्मा, प्रीति रानी, मुकेश पटेल, यशवंत सिंह, श्रीमती बीना राजकुमार पटेल, श्रीमती सुभद्रा पटेल, ममता सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

**कार्यशाला** | माता गुजरी महिला महाविद्यालय में प्राकृतिक खाद्य संरक्षण पर दो दिवसीय कार्यशाला

# छात्राओं को सिखाई अचार एवं सूखे पाउडर बनाने की विधि



**नवभारत, जबलपुर।** स्वशासी माता गुजरी महिला महाविद्यालय के इको क्लब एवं वनस्पति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में खाद्य संरक्षण के प्राकृतिक तरीके विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के निर्देशक, प्राचार्या एवं रजिस्ट्रार के निर्देशन में आयोजित इस कार्यशाला में कुल 35 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यशाला के द्वितीय दिवस 17 फरवरी को डॉ. मोनिका धगट एवं डॉ. संगीता लाल द्वारा छात्राओं को हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस सत्र में प्रतिभागियों को प्राकृतिक तरीकों से अचार, जैली, सॉस तथा विभिन्न प्रकार के सूखे पाउडर बनाने की व्यावहारिक जानकारी दी गई। छात्राओं ने स्वयं इन उत्पादों को तैयार कर संरक्षण की तकनीकों को समझा। आयोजन को सफल बनाने में वनस्पति विज्ञान विभाग के सभी सदस्यों का सराहनीय सहयोग रहा।

**प्राकृतिक खाद्य संरक्षण विषय पर व्याख्यान**

प्रथम दिवस 16 फरवरी को डॉ. आभा बजपेयी एवं नम्रता शर्मा ने प्राकृतिक खाद्य संरक्षण विषय पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया। वक्ताओं ने खाद्य पदार्थों को सुरक्षित, पोषणयुक्त और रसायनमुक्त बनाए रखने के पारंपरिक एवं वैज्ञानिक तरीकों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक संरक्षण विधियां न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हैं, बल्कि पर्यावरण के अनुकूल भी हैं।




### छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

**एनएसएस विशेष शिविर का शुभारंभ**

**नवभारत, जबलपुर।** शासकीय कन्या महाविद्यालय रांझी की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम पंचायत घाना में प्रारंभ हुआ। प्रथम दिवस डॉ. अमरेश दुबे (विभागाध्यक्ष, मनोचिकित्सा) ने छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. वीणा श्रीवास्तव ने की। डॉ. माधुरी सिंह (एनएसएस प्रभारी), डॉ. बिन्दु शर्मा, डॉ. दिप्रेन्द्र यादव, डॉ. रेणु बाला घई एवं समस्त स्टाफ की उपस्थिति में छात्राओं को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।